दिनांक- 17.11.2024 समय- 02.10PM

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

प्रधानमंत्री-नाइजीरिया दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज अबुजा में नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टीनुबू से वार्ता करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति टीनुबू दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा करेंगे और द्विपक्षीय संबंधों का विस्तार करने के तौर-तरीकों पर चर्चा करेंगे। वार्ता के बाद कई समझौतों पर हस्ताक्षर किये जाने की संभावना है। प्रधानमंत्री का नाइजीरिया में भारतीय समुदाय को संबोधित करने का भी कार्यक्रम है।

नाइजीरिया, प्रधानमंत्री मोदी को ग्रांड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर से सम्मानित करेगा। यह सम्मान प्राप्त करने वाले वह दूसरे विदेशी गणमान्य व्यक्ति होंगे। इससे पहले 1969 में महारानी एलिजाबेथ को इस सम्मान से नवाजा जा चुका है। किसी भी देश द्वारा प्रधानमंत्री मोदी को दिया जाने वाला यह 17वां अंतर्राष्ट्रीय सम्मान है।

प्रधानमंत्री मोदी आज देर शाम नाइजीरिया से ब्राजील के शहर रियो डी जेनेरो रवाना होंगे।

## खेल सुविधाएं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में खेल अधोसंरचना का निरंतर विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री आज कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम देवास में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक के भूमि पूजन कार्यक्रम को नई दिल्ली से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देवास, उज्जैन धार और इंदौर को जोड़ते हुए क्षेत्र को वृहद महानगर के रूप में विकसित किया जा रहा है। औद्योगीकरण की दिशा में राज्य सरकार तेज गति से कार्य कर रही है। बदलते दौर में इस क्षेत्र की देश में विशिष्ट पहचान होगी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा 114 खेल अधोसंरचना निर्मित किये गये है, 30 खेल अधोसंरचना निर्माणाधीन है। देवास में प्रदेश का 9वॉ सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रैक कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में स्थापित किया जा रहा है। इसके अलावा 3 और एथेलेटिक ट्रैक - इंदौर, रतलाम और छतरपुर में भी स्वीकृत किये गये है।

## उज्जैन मेडीकल कॉलेज

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 21 नवंबर को उज्जैन में मेडिकल कॉलेज का भूमि पूजन करेंगे। क्षेत्र में लम्बे समय ये चिकित्सा महाविधालय को लेकर मांग की जा रही थी। इससे पढ़ाई के साथ जिले में ही विशेष स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त होंगी। कार्यक्रम के संबंध में कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने बताया कि कॉलेज के भूमि पूजन का कार्यक्रम सामाजिक न्याय परिसर में होगा।

रेलवे-सुविधा

रेल प्रशासन द्वारा अतिरिक्त यात्रियों की सुविधा के लिए बिलासपुर-रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस में अस्थाई तौर पर शयनयान श्रेणी का एक अतिरिक्त कोच लगान का निर्णय लिया गया है। पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल मण्डल के जनसंपर्क विभाग ने बताया कि यह सुविधा 31 दिसम्बर 2024 तक जारी रहेगी।

मौसम

प्रदेश में तेजी से सर्दी का असर बढ़ रहा है। सुबह और रात सर्दी का असर सबसे ज्यादा है। राजधानी भोपाल और जबलपुर में तापमान सामान्य से 2.4 डिग्री सेल्सियस तक नीचे है। भोपाल की रातें पिछले साल से ज्यादा सर्द हैं। मौसम विभाग ने बताया कि उत्तर-पूर्वी हवाओं के कमजोर होने और पहाड़ों में जेटस्ट्रीम चलने की वजह से ऐसा मौसम बन रहा है। आने वाले दिनों में इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन में तापमान 2 डिग्री तक लुढ़क सकता है। उत्तरी हिस्से यानी ग्वालियर-चंबल संभाग में ठंड का असर ज्यादा बढ़ेगा। प्रदेश के कई हिस्सों में 20 नवंबर तक शीतलहर चलेगी। भोपाल, इंदौर-जबलपुर में भी कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना है।

--------------------------------